# BIRLA PUBLIC SCHOOL, KISHANGARH

82 Km Milestone, Jaipur-Ajmer Highway, Kishangarh-305801, Ajmer (Rajasthan)

Affiliation No. : 1730551


BPSK/Circular/013/2025-26 09.05.2025

## परिपत्र संख्या: 14/2025

## ग्रीष्म अवकाश परिपत्र (कक्षा V से VIII)

आदरणीय अभिभावक,

सप्रेम नमस्कार!

बिरला पब्लिक स्कूल की ओर से आपके निरंतर सहयोग व समर्थन के लिए हार्दिक धन्यवाद।

विद्यालय में गर्मी की छुट्टियाँ दिनांक 11 मई 2025 (रविवार) से 29 जून 2025 (रविवार) तक रहेंगी। छात्रों को अनिवार्य रूप से 29 जून 2025 को शाम 5:00 बजे तक विद्यालय में उपस्थित होना है। किसी भी परिस्थिति में छुट्टी बढ़ाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**छात्रों की सक्रिय भागीदारी के लिए निम्नलिखित सुझाव दिए जा रहे हैं:**

- **पुस्तक पठन:** भाषा तथा संप्रेषण कौशल के विकास हेतु आयु के अनुरूप पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित करें। अभिभावक स्वयं उपयुक्त पुस्तकें खरीदें और विद्यार्थियों को पढ़ने हेतु प्रोत्साहित करें।
- **समाचार-पत्र पठन / समाचार चर्चा:** अभिभावक यह सुनिश्चित करें कि छात्र प्रतिदिन समाचार-पत्र पढ़ें ।
- **डायरी लेखन:** छात्र एक डायरी खरीदें और नियमित रूप से उसमें लेखन करें। विद्यालय आने पर साथ लाएं, जिससे यह अभ्यास सतत बना रहे।
- **अंग्रेज़ी टीवी कार्यक्रम देखें:** विद्यार्थी समाचार, कार्टून, ज्ञानवर्धक चैनल आदि अंग्रेज़ी में देखें।
- **SMAQQ स्व-अध्ययन ऐप:** कक्षा VI से VIII के छात्रों को SMAQQ ऐप हेतु यूज़रनेम व पासवर्ड प्रदान किए गए हैं। इस ऐप के माध्यम से छात्र-छात्राएं अपने अध्ययन को नियमित रखें और विषयवस्तु को स्पष्ट करें।
- **एक्स्ट्रा मार्क्स ऐप:** कक्षा VI से VIII के सभी छात्रों को एक्स्ट्रा मार्क्स प्लेटफ़ॉर्म पर पंजीकृत किया गया है। वे निम्नलिखित तरीकों से प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग कर सकते हैं:
    1. वेब ब्राउज़र: www.extramarks.com पर जाकर दी गई जानकारी से लॉगिन करें।
    2. मोबाइल ऐप: एक्स्ट्रा मार्क्सस – द लर्निंग एप को गूगल प्ले स्टोर या एपल स्टोर एप से डाउनलोड कर उसी लॉगिन विवरण से प्रवेश करें।

गर्मी की छुट्टियों का गृहकार्य छात्रों को रचनात्मक रूप से व्यस्त रखने के उद्देश्य से दिया गया है। अभिभावकों से अनुरोध है कि वे यह सुनिश्चित करें कि उनके बच्चे अवकाश के दौरान यह कार्य पूरा करें। गृहकार्य की हार्ड कॉपी छात्रों को दिशा-निर्देशों सहित दी गई है तथा विषय शिक्षकों द्वारा समझाई भी गई है। किसी भी शंका की स्थिति में विद्यार्थी अपने हाउस मास्टर से संपर्क कर सकते हैं। गृहकार्य विद्यालय की वेबसाइट और पोर्टल पर भी उपलब्ध है। निम्नलिखित लिंक से इसे देखा जा सकता है:

| कक्षा(Class) | लिंक (Link) |
|---|---|
| V | SVA V 2025 26.doc |
| VI | SVA VI 2025 26.doc |
| VII | SVA VII 2025 26.doc |
| VIII | SVA VIII 2025 26.doc |

सादर धन्यवाद,

प्राचार्य

बिरला पब्लिक स्कूल, किशनगढ़